खतरा | बरसात के मौसम में बढ़ा हादसों का जोखिम, सुरक्षा इंतजामों पर उठ रहे सवाल

खुले ट्रांसफार्मर और झूलते बिजली के तार बने खतरा

नवभारत,धनपुरी। शहर में विद्युत व्यवस्था से जुड़ी लापरवाहियां अब आम नागरिकों की चिंता का विषय बनती जा रही हैं। शहर के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर लगे ट्रांसफार्मरों की स्थिति यह संकेत दे रही है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी लंबे समय से जारी है। अनेक स्थानों पर ट्रांसफार्मर बिना किसी सुरक्षा जाली या मजबूत घेराबंदी के खुले पड़े हुए हैं। ऐसे ट्रांसफार्मर न केवल राहगीरों बल्कि आसपास रहने वाले लोगों, विशेष रूप से बच्चों और मवेशियों के लिए भी गंभीर खतरा बने हुए हैं। विद्युत सुरक्षा के निर्धारित मानकों के अनुसार प्रत्येक ट्रांसफार्मर के चारों ओर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होना आवश्यक है, लेकिन धनपुरी के कई क्षेत्रों में यह व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित दिखाई देती है।

स्थिति इसलिए भी अधिक गंभीर हो गई है क्योंकि मानसून ने दस्तक दे दी है और लगातार बारिश का दौर शुरू हो चुका है। बरसात के मौसम में नमी और जलभराव के कारण बिजली से जुड़े हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। खुले ट्रांसफार्मरों के आसपास यदि पानी भर जाए या कोई व्यक्ति अनजाने में उसके संपर्क में आ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद समय रहते आवश्यक सुधार कार्य नहीं किए जाने से लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले से सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने चाहिए। सिर्फ ट्रांसफार्मर ही नहीं, बल्कि शहर के अनेक विद्युत खंभों की स्थिति भी चिंता बढ़ाने वाली है। कई स्थानों पर बिजली के तार मकड़जाल की तरह एक-दूसरे में उलझे हुए नजर आते हैं। वर्षों से बिना व्यवस्थित रखरखाव के ये तार अब अव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहे हैं। बरसात के दौरान जब तेज हवा चलती है तो ये तार आपस में टकराते हैं, जिससे चिंगारियां निकलती हैं। रात के समय यह दृश्य आसपास रहने वाले लोगों में भय का वातावरण पैदा कर देता है। कई बार तेज आवाज के साथ उठने वाली चिंगारी लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर देती है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इन समस्याओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई गई, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित पहल नहीं हो सकी। अस्थायी मरम्मत के बाद समस्या कुछ दिनों के लिए तो कम हो जाती है, लेकिन मूल कारण जस का तस बना रहता है। परिणामस्वरूप हर बरसात में वही स्थिति दोबारा सामने आ जाती है और लोगों को भय के साये में जीवन बिताना पड़ता है। शहर के विभिन्न इलाकों में बिछाए गए केबल तारों की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है। कई स्थानों पर केबल सड़क के ऊपर इस तरह झूल रहे हैं कि भारी वाहन निकलते समय उन्हें बचाकर गुजरना पड़ता है। कुछ जगहों पर तार इतने नीचे आ गए हैं कि ट्रक, बस या अन्य ऊंचे वाहनों के गुजरने पर उनके संपर्क में आने की आशंका बनी रहती है। इससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होने का खतरा रहता है, बल्कि गंभीर दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। कई स्थानों पर लोगों ने स्वयं अस्थायी उपाय कर तारों को ऊपर बांधने का प्रयास किया है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता। लोगो का मानना है कि विद्युत लाइनों का नियमित निरीक्षण, पुराने और क्षतिग्रस्त तारों का समय पर प्रतिस्थापन, ट्रांसफार्मरों की सुरक्षित घेराबंदी तथा झूलते केबलों को निर्धारित ऊंचाई पर व्यवस्थित करना विद्युत विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

लाखों की लागत से बना फुटपाथ अतिक्रमण की भेंट चढ़ा

धनपुरी में पैदल यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

नवभारत धनपुरी /बुढ़ार । नगरपालिका धनपुरी द्वारा शहर में पैदल यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से नगर पालिका कार्यालय के सामने से कॉलेज मार्ग होते हुए जनपद कार्यालय तक फुटपाथ का निर्माण कराया गया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य मुख्य सड़क पर पैदल चलने वालों को वाहनों की भीड़ से अलग सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना और यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाना था। लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत है निर्माण के कुछ समय बाद ही फुटपाथ पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने इसकी उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फुटपाथ के कई हिस्सों पर दुकानदारों और अन्य लोगों द्वारा स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण कर लिया गया है। कहीं दुकानों का सामान फुटपाथ पर सजा दिया गया है तो कहीं नालियों के ऊपर निर्माण कर रास्ता संकरा कर दिया गया है। परिणामस्वरूप पैदल यात्रियों के लिए चलने की पर्याप्त जगह नहीं बची है और उन्हें मजबूर होकर मुख्य सड़क पर उतरकर चलना पड़ रहा है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। स्थिति का दूसरा गंभीर पहलू यह है की शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज के पास जो ठेले लगते हैं वहां अक्सर असामाजिक तत्व बैठकर कॉलेज आने वाली छात्राओं पर फफ्तियाँ कसते है जिससे छात्राओं को असहज का सामना करना पड़ता है । स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब नगर पालिका ने सार्वजनिक धन खर्च कर फुटपाथ का निर्माण कराया है तो उसकी सुरक्षा और उपयोगिता सुनिश्चित करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि फुटपाथ पर लगातार अतिक्रमण बना रहेगा तो लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई यह सुविधा अपने उद्देश्य से भटक जाएगी। लोगों का मानना है कि समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होनी चाहिए और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती बरती जानी चाहिए जो सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा कर रहे हैं। शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से इस ओर उचित कार्यवाही की उम्मीद जताई है अब देखना है नगर पालिका प्रशासन इस ओर क्या कार्रवाई सुनिश्चित करता है।

एक नजर में

आउटसोर्स कर्मी की करंट लगने से मौत

जबलपुर । गोसलपुर में लाइन में फाल्ट सुधारते समय एक आउटसोर्स कर्मी करंट की चपेट आ गया और 15 फीट की ऊंचाई से जमीन पर आ गिरा। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर ग्रामीण वृत्त के सिहोरा संभाग के अंतर्गत गोसलपुर डीसी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मी सोहन दहिया 32 वर्ष को सिमरिया गांव में लाइन फाल्ट होने पर जूनियर इंजीनियर के द्वारा सुधार कार्य के लिए आदेश देकर भेजा था।आउटसोर्स कर्मी सोहन दहिया जब लाइन में फाल्ट सुधार रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आने से 15 फीट की ऊंचाई से जमीन पर आ गिरा। हादसे के समय मौके पर मौजूद सहयोगियों ने उसे तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन लाइन कर्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने जबलपुर रेफर कर दिया, जिसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात को 2 बजे आउटसोर्स कर्मी सोहन दहिया की मौत हो गई।

बिहार से डकैत और खरीदार को गिरफ्तार कर लाई पुलिस

जबलपुर। खितौला अंतर्गत ईसाफ स्मॉल फाईनेंस बैंक में हुई अंतर्राज्यीय बैंक डकैती मामले में पुलिस ने बिहार के गया से एक डकैत समेत डकैती का माल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है दोनों को पुलिस टीम गिरफ्तार का जबलपुर लेकर आ गई है दोनों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 750 ग्राम सोना भी जप्त हुआ है। विवाद हो कि खितौला अंतर्गत ईसाफ स्मॉल फाईनेंस बैंक में घटित अंतर्राज्यीय बैंक डकैती के सरगना और उसके अन्य 10 साथियों को तकनीकी सहायता से बिहार एवं मध्यप्रदेश से पूर्व में गिरफ्तार कर 3 किलो से अधिक सोना जब्त किया जा चुका है। अब दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या 13 हो गई है।

दीवार में सेंध लगा घर में घुसे चोर

नवभारत, जबलपुर। चरगवां थाना अंतर्गत ग्राम सूखा में बीती रात शातिर चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाई और अंदर कमरे की भी दीवार तोड़कर अलमारी में रखे सोने के जेवर और 75,000 नगद समेटकर रफूचक्कर हो गए। वारदात के दौरान पीड़ित परिवार घर में ही सोता रहा, लेकिन उन्हें भनक तक नहीं लगी। पुलिस के मुताबिक, ग्राम सूखा निवासी घनश्याम यादव (50) पेशे से किसान हैं। बुधवार रात को वह रोजाना की तरह खाना खाकर घर के दहलान में सो गए थे। पूरा परिवार गहरी नींद में था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर के पिछले हिस्से को निशाना बनाया

जनजातीय शिल्पकारों की कला को मिलेगा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार

50 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त 200 शिल्पकारों ने प्रदर्शित की गोंडी पेंटिंग

नवभारत,शहडोल । संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, छतवई में भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राईफेड), जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश द्वारा जनजातीय शिल्पकार नामिका मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, ट्राईफेड के ए.के. रजक एवं योगेश यादव ने भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने कहा कि शहडोल जिले के जनजातीय शिल्पकारों की कला अद्वितीय है और अब उनके उत्पादों को देश-विदेश में नई पहचान मिलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा डीएमएफ योजना वर्ष 2024-25 के तहत स्थानीय कारीगरों को 50 दिवसीय आधुनिक एवं पारंपरिक हस्तशिल्प प्रशिक्षण दिया गया है। इससे कारीगरों के कौशल में वृद्धि होगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा जिले के हस्तशिल्प एवं हाथकरघा उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध होगा।ट्राईफेड के योगेश यादव ने शिल्पकारों से विभाग से जुड़कर ऑनलाइन पंजीयन कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि पंजीयन के बाद शिल्पकारों के उत्पादों को फ्लिपकार्ट, अमेजन सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित कर विपणन किया जाएगा।

छात्रों ने व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र को भेंट किया स्मार्ट मॉडल

तकनीकी नवाचार के लिए छात्रों को मिला प्रशस्ति पत्र

नवभारत ,धनपुरी। यूआईटी आरजीपीवी शहडोल के खनन विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, सोहागपुर के लिए एक उपयोगी स्मार्ट मॉडल तैयार किया। विद्यार्थियों द्वारा विकसित इस मॉडल के उत्कृष्ट कार्य और उपयोगिता को देखते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान 16 जुलाई 2026 को आयोजित कार्यक्रम में दिया गया, जिसमें विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

यह मॉडल व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, सोहागपुर और दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड के सहयोग से तैयार किया गया। मॉडल का उद्देश्य प्रशिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी, आधुनिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक जानकारी सरल और बेहतर तरीके से उपलब्ध हो सके। विद्यार्थियों के इस प्रयास को प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों ने भी उपयोगी और नवाचार से भरपूर बताया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी प्रकाश पटले तथा जी.एस. सिंघल के मार्गदर्शन में तैयार किए गए मॉडल की विशेष सराहना की गई। अधिकारियों ने कहा कि विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों में अपनी तकनीकी समझ, रचनात्मक सोच और मेहनत का परिचय देते हुए ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो प्रशिक्षण कार्यों में काफी उपयोगी साबित होगा। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह नए तकनीकी प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक पंकज जैन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल एक मॉडल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं और इससे शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने का अवसर मिलता है।

पीएसएस विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह , नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

इस सत्र से सभी पाठ्यक्रमों में 'एआई फॉर ऑल' विषय होगा शामिल

नवभारत,शहडोल । पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल के नवलपुर परिसर स्थित माता शबरी बहुउद्देशीय सभागार में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा तथा सारस्वत अतिथि नगर पालिका परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष शालिनी सरावगी रहीं। समारोह में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार पाण्डेय एवं कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा कि शहडोल की पावन भूमि की प्रेरणा से विश्वविद्यालय में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए इस शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में 'एआई फॉर ऑल' विषय को शामिल किया जाएगा, ताकि विद्यार्थी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बुनियादी जानकारी प्राप्त कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों, नवाचार, अनुसंधान और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनेगा। विद्यार्थियों से अनुशासन, सतत अध्ययन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए उन्होंने हर संभव शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि युवा शक्ति विकसित भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, समय का सदुपयोग करने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया।

वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने कहा कि उच्च शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर भी है। उन्होंने विश्वविद्यालय में नवाचार और प्रयोग की संस्कृति को सराहनीय बताया। नगर पालिका अध्यक्ष शालिनी सरावगी ने विद्यार्थियों को सामाजिक संवेदनशीलता, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हुए विश्वविद्यालय के क्लब कल्चर की प्रशंसा की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मनीषा ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र कल्याण योजनाओं, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शोध एवं नवाचार संबंधी अवसरों की जानकारी दी। डॉ. मुनीश नेगी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और छात्र सुविधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रो. मनीषा तिवारी ने विश्वविद्यालय की मंडलम संस्कृति का परिचय कराया, जबकि डॉ. वंदना राम ने दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. आदर्श तिवारी ने किया। अंत में कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी ने सभी अतिथियों एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

किसान की सहमति के बगैर पीएचई विभाग ने खेत पर खोद दी नाली

जनसुनवाई में न्याय की लगाई गुहार

नवभारत,शहडोल। गोहपारू जनपद के ग्राम पंचायत भदवाही से एक मामला प्रकाश में आया है जहां पीड़ित किसान राजबहोर जायसवाल पिता मोहन जायसवाल द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर शहडोल को शिकायत पत्र सौंपकर बताया गया कि उनके गांव के छूल्हना टोला में नल-जल योजना के तहत् पीएचई विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाई जा रही थी। मुख्य मार्ग से लगे मेरे खेत में जो कि करीबन 89 डिसमिल है। विभाग के ठेकेदार व इंजीनियर के निर्देशानुसार मेरी गैर हाजिरी में व बगैर मुझे सूचित किए 01 जुलाई को मेरे खेत के बीचों-बीच करीबन 50 मीटर की लंबाई व 1.5 मीटर की गहराई में खुदाई करा दी गई है। खेत के बीचों बीच खुदाई कराने से ट्रैक्टर जुताई के दौरान फसेंगा जिस प्रकार से बीच में एक पट्टी बन गई है, आधे खेत में खेती हो पाना संभव नहीं है क्योंकि ट्रैक्टर उतारने के लिए पट्टी क्रॉस करना ही पड़ेगा अन्य जगह से मेढ़ की ऊंचाई ज्यादा होने से ट्रैक्टर भी नही उतर पाएगा। मेरे पास अधिक उपजाऊ वाला एक मात्र वही खेत है मैं विभाग के इस तानाशाही रवैए से उसमें भी खेती करने में असमर्थ हूं।

ठेकेदार द्वारा झूठे आरोप में फंसाने की दी जा रही धमकी

पीड़ित द्वारा यह भी बताया गया कि विरोध करने पर जेसीबी ड्राईवर द्वारा मशीन बंद कर दिया गया था। मेरे बड़े भाई ने कई घंटों तक बैठ कर ठेकेदार का इंतजार किया परंतु ना ही ठेकेदार ना कोई देख रेख करने वाला सुपरवाइजर आया। तब मेरा बड़ा भाई घर चला गया खाना खाने कुछ देर बाद ठेकेदार रात में ही आकर बिना किसी को सूचना दिए मशीन लेकर फरार हो गया हमने सरपंच के माध्यम से पंचनामा भी बनवाया है। सुबह इंजीनियर व ठेकेदार से बात हुई तो उन्होंने बोला परेशान मत होइए जल्द ही गड्ढे को ढकवा दूंगा। हमे गलत लोकेशन मिल गई थी । हम अपनी गलती मानते हैं जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई हम कर देंगे । आज कई दिवस बीत जानें के बाद ठेकेदार द्वारा उल्टा पीड़ित को ही झूठे आरोप में फसाने की धमकी दी जा रही है।

इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

पीड़ित ने जनसुनवाई में कलेक्टर शहडोल डॉक्टर केदार सिंह को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर उचित मुआवजे एवं लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गयी है। सोन सभागार में उपस्थित होकर किसान ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है कि निष्पक्षता से जांच कराकर इस वर्ष मेरी खरीफकी फसल का जो भी नुकसान हो रहा उसकी मुवावजे की राशि प्रदान किया जाए। जिले के संवेदनशील कलेक्टर ने किसान को आश्वस्त किया है कि त्वरित न्यायसंगत कार्रवाई की जायेगी।

सौगात | उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल बोले- विंध्य को देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाना लक्ष्य

22 करोड़ की सौगात से बदली ब्यौहारी स्टेशन की तस्वीर

नवभारत,ब्योहारी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 75 रेलवे स्टेशनों एवं मध्यप्रदेश के 13 स्टेशनों के साथ वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसर में लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया, जिसे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र को देश के सबसे विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित करना ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि रेल, सड़क और हवाई संपर्क मजबूत होने से उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई से रीवा से कोलकाता और भोपाल के लिए नई हवाई सेवाएं भी शुरू होने जा रही हैं तथा कटनीदृसिंगरौली रेल लाइन के दोहरीकरण और आगे के विस्तार से विंध्य की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ष्विकसित भारत-2047ष् के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नागरिकों से रेलवे स्टेशन की स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान भी किया। ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छोटे नगर ब्यौहारी को महानगरों जैसी आधुनिक रेलवे सुविधाएं मिलना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पुनर्विकसित स्टेशन में आधुनिक स्टेशन भवन, नया प्रवेश द्वार, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म शेल्टर, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं, आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, सुव्यवस्थित पार्किंग तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले आकर्षक विकास कार्य किए गए हैं, जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल, जिला योजना समिति सदस्य अमिता चपरा, एसडीएम काजोल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष आकांक्षी सिंह, रेलवे विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

चिकन शॉप संचालक की हत्या के आरोपी की तलाश तेज

फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश

प्रदीप शर्मा

नवभारत, धनपुरी। अमलाई थाना क्षेत्र के रामपुर में 14 जुलाई की रात चिकन शॉप संचालक रज्जन कहार की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला था। घटना से नाराज लोगों ने अगले दिन हाईवे जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस अधिकारियों द्वारा जल्द आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ, लेकिन अब भी स्थानीय लोग आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल संजय कुमार अग्रवाल ने आरोपी की धरपकड़ के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित इस टीम में अमलाई, धनपुरी और खैरहा थाना प्रभारियों सहित कुल 16 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है। एसआईटी को आरोपी की हर गतिविधि पर नजर रखते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी राजकुमार शर्मा की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी पुलिस की टीमें सक्रिय हैं। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और अन्य माध्यमों से आरोपी की लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निरीक्षक अमलाई भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि हत्या के आरोपी की तलाश लगातार जारी है।

पुलिस के लिए आरोपी की गिरफ्तारी चुनौती बनी

पुलिस की अलग-अलग टीमें विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही हैं और मामले से जुड़े हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले पर क्षेत्रवासियों की नजर बनी हुई है। पुलिस के लिए आरोपी की गिरफ्तारी चुनौती बनी हुई है, वहीं पीड़ित परिवार और स्थानीय नागरिकों को भी पुलिस कार्रवाई से काफी उम्मीदें हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पुलिस की विशेष टीम फरार आरोपी को कब तक गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करती है। पुलिस का दावा है कि मामले में लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आने की संभावना है।